**D**

**CCE PR**
**UNREVISED**

**ಕರ್ನಾಟಕ ಪ್ರೌಢ ಶಿಕ್ಷಣ ಪರೀಕ್ಷಾ ಮಂಡಳಿ, ಮಲ್ಲೇಶ್ವರಂ, ಬೆಂಗಳೂರು – 560 003**

**KARNATAKA SECONDARY EDUCATION EXAMINATION BOARD, MALLESWARAM, BANGALORE – 560 003**

**ಎಸ್.ಎಸ್.ಎಲ್.ಸಿ. ಪರೀಕ್ಷೆ, ಜೂನ್, 2019**

**S. S. L. C. EXAMINATION, JUNE, 2019**

**ಮಾದರಿ ಉತ್ತರಗಳು**

**MODEL ANSWERS**

ದಿನಾಂಕ : 28. 06. 2019 ] **ಸಂಕೇತ ಸಂಖ್ಯೆ : 61-H**

Date : 28. 06. 2019 ] **Code No. : 61-H**

# ವಿಷಯ : ತೃತೀಯ ಭಾಷೆ — ಹಿಂದಿ

# Subject : Third Language — HINDI

**( ಹಳೆ ಪಠ್ಯಕ್ರಮ / Old Syllabus )**

**( ಪುನರಾವರ್ತಿತ ಖಾಸಗಿ ಅಭ್ಯರ್ಥಿ / Private Repeater )**

[ ಗರಿಷ್ಠ ಅಂಕಗಳು : 100

[ Max. Marks : 100

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - क** <br> **( गद्य, पद्य और पूरक वाचन )** <br> निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : 9 × 1 = 9 | |
| I. 1. | रवींद्रनाथ ठाकुर के पिता कौन थे ? <br> **उत्तर :** महर्षि देवेन्द्रनाथ ठाकुर । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 2. | महादेवीजी को किस कारण से अस्पताल में रहना पड़ा ? | |
| | **उत्तर :** मोटर दुर्घटना के कारण । | 1 |
| 3. | कर्नाटक को 'चंदन का आगार' क्यों कहते हैं ? | |
| | **उत्तर :** चंदन के पेड़ विपुल / अधिक मात्रा में हैं । | 1 |
| 4. | सम्मेलन में लेखक के भाग लेने से क्या होता ? | |
| | **उत्तर :** ईमानदारों और उदीयमान ईमानदारों को प्रेरणा मिलती । | 1 |
| 5. | 'अभिनव मनुष्य' कविता में किसका विश्लेषण हुआ है ? | |
| | **उत्तर :** वैज्ञानिक युग और आधुनिक मानव का । | 1 |
| 6. | यशोदा गोधन की कसम क्यों खाती है ? | |
| | **उत्तर :** कृष्ण के क्रोध को शांत करने के लिए । | 1 |
| 7. | रवींद्रनाथजी का परिवार समस्त बंगाल में किस कारण प्रसिद्ध था ? | |
| | **उत्तर :** सांस्कृतिक नेतृत्व के लिए । | 1 |
| 8. | सबके मनोरथ कैसे पूर्ण होते हैं ? | |
| | **उत्तर :** दयानिधि या भगवान की दया होने पर । | 1 |
| 9. | कृष्ण को देखकर ग्वाल-बाल कसे हँसते हैं ? | |
| | **उत्तर :** चुटकी दे-देकर । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| II. 10. | सही वाक्यांशों को जोड़कर लिखिए : $5 \times 1 = 5$ | |
| | **'क'** / **'ख'** | |
| | अ) शांति निकेतन का आशय / i) आदर्श अस्पताल का निर्माण | |
| | आ) साहनीजी का बचपन / ii) पाठशाला का निर्माण | |
| | इ) तिम्मक्का का संकल्प / iii) विश्वभारती | |
| | ई) बालकृष्ण / iv) कौशल की अभिव्यक्ति | |
| | उ) मातृभूमि / v) खुशियों से भरा | |
| | vi) भोला-भाला | |
| | vii) अंधेरी गुफा जैसी | |
| | viii) देशप्रेम का संदेश । | |
| | **उत्तर :** | |
| | अ) iv) कौशल की अभिव्यक्ति । | 1 |
| | आ) vii) अंधेरी गुफा जैसी । | 1 |
| | इ) i) आदर्श अस्पताल का निर्माण । | 1 |
| | ई) vi) भोला-भाला । | 1 |
| | उ) viii) देशप्रेम का संदेश । | 1 |
| III. | प्रथम दो शब्दों के संबंधों के अनुरूप तीसरे शब्द का संबंधित शब्द लिखिए : $5 \times 1 = 5$ | |
| 11. | काबुलीवाला : कहानी संग्रह : : गीतांजलि : ...................... | |
| | **उत्तर :** काव्य संग्रह | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 12. | इंटरनेट पैरसी : हानि : : इंटरनेट बैंकिंग : ...................... | |
| | **उत्तर :** लाभ | 1 |
| 13. | तिम्मक्का के पिता : चिक्करंगय्या : : तिम्मक्का के पति : ...................... | |
| | **उत्तर :** बिक्कला चिक्कय्या | 1 |
| 14. | पताका : न्याय का प्रतीक : : दीप : .................... | |
| | **उत्तर :** ज्ञान का प्रतीक | 1 |
| 15. | पाप का मूल : अभिमान : : धर्म का मूल : ................... | |
| | **उत्तर :** दया । | 1 |
| IV. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **दो** या **तीन** वाक्यों में लिखिए : 14 × 2 = 28 | |
| 16. | ई-गवर्नेंस क्या है ? | |
| | **उत्तर :** सरकार के सभो कामकाज का विवरण, अभिलेख, सरकारी आदेश को यथावत् लोगों को सूचित करना । प्रशासन पारदर्शी बनाता है। | 2 |
| 17. | महादेवीजी को गिल्लू कैसे चौंकाता था ? | |
| | **उत्तर :** फूलदान के फूलों में, परदे की चुन्नट में, सोनजूही की पत्तियों में छिपकर । | 2 |
| 18. | कर्नाटक की प्रमुख नदियाँ और जलप्रपात कौन-कौन से हैं ? | |
| | **उत्तर :**<br>नदियाँ – कावेरो, कृष्णा, तुंगभद्रा आदि ।<br>जलप्रपात – जोग, अब्बी, गोकाक, शिवनसमुद्र आदि । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 19. | साहनीजी ने किस उद्देश्य से खादी पहनना शुरू किया ?<br>**उत्तर :**<br>— सन् बयालीस के आंदोलन में भाग लेना ।<br>— विद्रोही समझकर पुलिस गिरफ्तार करेगी । | 2 |
| 20. | परसाईजी ने मंत्री को क्या समझाया ?<br>**उत्तर :**<br>— पुलिस को मत बलाइये । पुलिस ईमानदारों की तलाशी ले, यह अशोभनीय बात होगी ।<br>— इतने बड़े सम्मेलन में थोड़ी गड़बड़ी होगी ही । | 2 |
| 21. | तिम्मक्का दंपति के धार्मिक कार्यों का परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>— उनके गाँव के पास श्रीरंग स्वामी के मंदिर में हर साल मेला लगता था ।<br>— मेले के लिए आनेवाले जानवरों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था की । | 2 |
| 22. | भारतमाता के स्वरूप का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :**<br>— भारतमाता का सुंदर वर्णन । एक हाथ में न्याय पताका ।<br>— दूसरे हाथ में ज्ञानदीप । | 2 |
| 23. | तुलसीदासजी के अनुसार मनुष्य के जीवन में प्रकाश कब फैलता है ?<br>**उत्तर :**<br>— मनुष्य के राम नाम जपने / भगवान का नाम स्मरण करने से । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
| --- | --- | --- |
| 24. | कृष्ण माता यशोदा से क्या शिकायत करता है ?<br>**उत्तर :**<br>— बलराम चिढ़ाता है । तुमने मुझे जन्म नहीं दिया, मोल लिया है । इसलिए मैं काला हूँ । | 2 |
| 25. | इंटरनेट का अर्थ क्या है ?<br>**उत्तर :**<br>— इंटरनेट अनगिनत कंप्यूटरों के कई अंतर्जालों का एक दूसरे से संबंध स्थापित करने का जाल है । | 2 |
| 26. | बाध और जलाशयों के क्या उपयोग हैं ?<br>**उत्तर :**<br>— नदियों पर बने बाध से हजारों एकड़ जमीन सींची जाती है ।<br>— नदियों के जलाशयों की सहायता से ऊर्जा उत्पादन केन्द्र स्थापित किये गये हैं । | 2 |
| 27. | मातृभूमि के खेत और वन-उपवन कैसे ह ?<br>**उत्तर :**<br>— मातृभूमि के खेत हरे-भरे और सुहाने हैं ।<br>— मातृभूमि के वन-उपवन फल-फूलों से भरे हुए हैं । | 2 |
| 28. | शनि सौरमंडल का सबसे सुंदर ग्रह है । क्यों ?<br>**अथवा**<br>शनि ग्रह का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।<br>**उत्तर :** शनि ग्रह के चारों ओर गोल वलय दिखाई देते हैं । प्रकृति ने इस ग्रह के गले में सुन्दर हार डाल दिये हैं ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** शनि सौरमंडल का दूसरा बड़ा ग्रह है । यह पृथ्वी से करीब 750 गुना बड़ा है । इसका व्यास 116 हजार किलोमीटर है । | 2 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 29. | जीवन में समय का क्या महत्व है ? | |
| | **अथवा** | |
| | सत्य की महिमा कैसी है ? | |
| | **उत्तर :** समय ही जीवन है । हमारा जीवन इसी समय से बना है । समय के नष्ट हो जाने से जीवन भी नष्ट हो जाता है । खोया हुआ समय फिर नहीं आता । | |
| | **अथवा** | |
| | **उत्तर :** सत्य की महिमा अपार है । सत्य महान और परम शक्तिशाली है । संस्कृत सूक्ति के अनुसार सत्य की ही विजय होती है, असत्य की नहीं । | 2 |
| V. | निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : $5 \times 3 = 15$ | |
| 30. | भिखारी को बालक पर दया क्यों आई ? | |
| | **उत्तर :** बालक दो दिन से भूखा था । उसका बाप अंधा और बीमार था । उसको माँ भी बीमार थी । उनके पास खाना खाने और दवाई के पैसे नहीं थे । बालक रो रहा था । | 3 |
| 31. | डॉ० कंबारजी को लोक साहित्य में रुचि कैसे उत्पन्न हुई ? | |
| | **उत्तर :** डॉ० कंबारजी को सामान्य जनता के जीवन में अधिक दिलचस्पी रही । वे शुरू से ही पौराणिक प्रसंगों को ध्यान लगाकर सुनते थे । परिणामस्वरूप लोक साहित्य रचना में रुचि उत्पन्न हुई । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 32. | आधुनिक मानव का विश्लेषण दिनकरजी कैसे करते हैं ?<br>**उत्तर :**<br>— दिनकरजी के अनुसार आज के मानव ने प्रकृति के हर तत्व पर विजय पाई है । परन्तु अपने आप को नहीं पहचाना ।<br>— मनुष्य भौतिक रूप से आगे बढ़ गया, परन्तु भावनात्मक रूप से पीछे रह गया ।<br>— दुनिया की दूरी घट गई परन्तु आपस की दूरी बढ़ गई । | 3 |
| 33. | महादेवी जी के अनुसार कौआ एक विचित्र पक्षी है । कैसे ?<br>**उत्तर :** महादेवीजी के अनुसार कौआ एक विचित्र पक्षी है । यह एक साथ समादरित, अनादरित, अति सम्मानित, अति अवमानित पक्षी है । पितर पक्ष में हमारे पुरखों को कौए के रूप में ही आना पड़ता है । हमारे प्रियजनों के आने का संदेश भी कौआ ही देता है । दूसरी ओर हम कौआ और काँव-काँव करने को अपमान समझते हैं । | 3 |
| 34. | निम्नलिखित दोहे का भावार्थ अपने शब्दों में लिखिए :<br>मुखिया मुख सों चाहिए, खान-पान को एक ।<br>पालै-पोसै सकल अंग, तुलसी सहित विवेक ।।<br>**उत्तर :**<br>**दोहे का भावार्थ :**<br>तुलसीदासजी कहते हैं कि मुखिया को मुख के समान होना चाहिए । मुख खाने-पीने का काम अकेला करके शरीर के सभी अंगों का समान रूप से पालन-पोषण करता है । उसी तरह से मुखिया को भी बिना किसी भेदभाव के सभी को समान रूप से देखना चाहिए । | 3 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| VI. | निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर **चार** या **पाँच** वाक्यों में लिखिए : 1 × 4 = 4 | |
| 35. | पं० राजकिशोर के मानवीय गुणों का परिचय दीजिए ।<br>**अथवा**<br>कर्नाटक की शिल्पकला का वर्णन कीजिए ।<br>**उत्तर :** पं० राजकिशोर मजदूरों के नेता हैं । गरीबों के प्रति उनके मन में हमदर्दी का भाव है । उनके मन में दया और करुणा है । वह आवश्यकता न होन पर भी केवल बसंत के स्वाभिमान से प्रभावित होकर, उसे मदद करने के लिए छलनी खरीद लेते हैं । जब उन्हें पता चलता है कि बसंत मोटर के नीचे आ गया है और उसकी टाँगें कुचली गईं हैं, वह तुरन्त उसके घर डॉक्टर लेकर जाते हैं । उसका इलाज करवाते हैं ।<br>**अथवा**<br>**उत्तर :** कर्नाटक की शिल्पकला अनोखी है ।<br>– बादामी, ऐहोले, पट्टदकल्लू में जो मंदिर हैं, उनकी शिल्पकला और वास्तुकला अद्भुत है ।<br>– बेलूर, हलेबीडू, सोमनाथपुर के मंदिरों की पत्थर की मूर्तियाँ सजीव लगती हैं । ये मूर्तियाँ हमें रामायण, महाभारत की कहानियाँ सुनाती हैं ।<br>– श्रवण बेलगोल में 57 फीट ऊँची गोमटेश्वर की एकशिला प्रतिमा दुनिया को त्याग और शांति का संदेश दे रही है । | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 36. | निम्नलिखित कवितांश पूर्ण कीजिए : 4<br><br>विमल ....................................................<br>..........................................................<br>..........................................................<br>................................................ रही है ।<br><br>**अथवा**<br><br>दया ................................................... ।<br>.............................................. में प्राण ।।<br><br>**उत्तर :**<br><br>विमल इन्दु की विशाल किरणें<br>प्रकाश तेरा बता रही हैं ।<br>अनादि तेरी अनन्त माया<br>जगत् को लीला दिखा रही हैं ।<br><br>**अथवा**<br><br>**उत्तर :**<br><br>दया धर्म का मूल है, पाप मूल अभिमान ।<br>तुलसी दया न छाँड़िये, जब लग घट में प्राण ।। | 4 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ख** | |
| | **( व्याकरण )** | |
| VII. 37. | बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर : 10 × 1 = 10 | |
| | 'परमेश्वर' शब्द में संधि है – | |
| | (A) दीर्घ (B) गुण | |
| | (C) वृद्धि (D) यण् । | |
| | **उत्तर :** (B) गुण | 1 |
| 38. | 'नीलकण्ठ' शब्द में समास है – | |
| | (A) बहुव्रीही (B) द्विगु | |
| | (C) द्वन्द्व (D) तत्पुरुष । | |
| | **उत्तर :** (A) बहुव्रीही | 1 |
| 39. | 'निराशा' का विलोम शब्द है – | |
| | (A) विश्वास (B) इच्छाएँ | |
| | (C) विनाश (D) आशा । | |
| | **उत्तर :** (D) आशा | 1 |
| 40. | निम्नलिखित में से पुल्लिग शब्द है – | |
| | (A) माता (B) नानी | |
| | (C) कवि (D) बहन । | |
| | **उत्तर :** (C) कवि | 1 |
| 41. | रवीन्द्रनाथ ठाकुर ................. जन्म कोलकाता में हुआ । | |
| | इस वाक्य में उपयुक्त कारक होगा – | |
| | (A) का (B) की | |
| | (C) में (D) को । | |
| | **उत्तर :** (A) का | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| 42. | 'गमला' शब्द का बहुवचन है –<br>(A) गमलों (B) गमले<br>(C) गमला (D) गमलायें ।<br>**उत्तर :** (B) गमले | 1 |
| 43. | इसका अर्थ क्या है<br>इस वाक्य के लिए उपयुक्त विराम चिह्न होगा –<br>(A) पूर्ण विराम (B) योजक चिह्न<br>(C) प्रश्न चिह्न (D) अर्ध विराम ।<br>**उत्तर :** (C) प्रश्न चिह्न | 1 |
| 44. | 'सुनना' शब्द का प्रथम प्रेरणार्थक क्रिया है –<br>(A) सुनवाना (B) सुनवाई<br>(C) सुना (D) सुनाना ।<br>**उत्तर :** (D) सुनाना | 1 |
| 45. | 'बाल-बाल बचना' मुहावरे का अर्थ है –<br>(A) बाल काटना (B) खतरे से बच जाना<br>(C) खतरे में पड़ना (D) बाल बनाना ।<br>**उत्तर :** (B) खतरे से बच जाना | 1 |
| 46. | 'विपुल' शब्द का समानार्थी शब्द है –<br>(A) कम (B) विपु<br>(C) बहुत (D) मात्रा ।<br>**उत्तर :** (C) बहुत । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| | **खण्ड - ग** | |
| | **( रचना - अपठित गद्यांश, अनुवाद, पत्र-लेखन और निबंध )** | |
| VIII. | प्रस्तुत गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : $5 \times 1 = 5$ | |
| | भारतवर्ष में अति प्राचीन काल से ही नीम की निर्मल एवं निरोग शक्ति को पहचान लिया गया था । इसलिए पूर्वजों ने नीम में 'दैवी शक्ति' का वास मानकर नीम वृक्ष की 'शीतलादेवी' के रूप में पूजा-उपासना प्रारंभ की थी, क्योंकि नीम का स्वभाव शीतल एवं प्रभावी रोग-विनाशक होने के साथ ही वायु को भी शुद्ध एवं निरोगता प्रदान करनेवाला है । नीम की दातौन का महत्व तो इस कोलगेट और पैप्सोडेंट इत्यादि के जमाने में भी अक्षुण्ण है । नीम की लकड़ी, छाल, गोंद, फल, फूल इत्यादि सभी हमारे लिए रोग विनाशक, आरोग्यवर्धक एवं उपयोगी हैं । इसकी शक्ति एवं संपर्क से वायु तो शुद्ध होती ही है, अच्छी वर्षा के होने में भी नीम का योगदान कम नहीं है । जहाँ नीम की बहुलता होती है, वहाँ पर्यावरण शुद्धि के साथ आरोग्यता का भी वास होता है । | |
| 47. | पूर्वजों ने नीम वृक्ष में दैवी शक्ति का वास क्यों माना था ? | |
| | **उत्तर :** नीम की निर्मल एवं निरोग शक्ति को पहचानकर । | 1 |
| 48. | नीम का स्वभाव कैसा है ? | |
| | **उत्तर :** शीतल एवं रोग विनाशक । | 1 |
| 49. | नीम के सभी भाग उपयोगी हैं । कैसे ? | |
| | **उत्तर :** रोग विनाशक, आरोग्यवर्धक एवं उपयोगी । | 1 |
| 50. | पर्यावरण के लिए नीम का क्या महत्व है ? | |
| | **उत्तर :** नीम से वायु शुद्ध होती है । अच्छी वर्षा होती है । | 1 |
| 51. | नीम में शीतलादेवी का वास क्यों मानते हैं ? | |
| | **उत्तर :** स्वभाव शीतल होने के कारण । | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| IX. | निम्नलिखित वाक्यों का अनुवाद कन्नड या अंग्रेजी में कीजिए : 5 × 1 = 5 | |
| 52. | इंटरनेट द्वारा घर बैठे-बैठे खरीदारी कर सकते हैं ।<br>**उत्तर :**<br>ಅಂತರ್ಜಾಲದ ಸಹಾಯದಿಂದ ಮನೆಯಲ್ಲೇ ಕುಳಿತುಕೊಂಡು ಖರೀದಿ ಮಾಡಬಹುದು.<br>By the help of internet we can have online shopping by sitting at home. | 1 |
| 53. | ईमानदारी एक दुर्लभ गुण है ।<br>**उत्तर :**<br>ಪ್ರಾಮಾಣಿಕತೆಯು ಒಂದು ದುರ್ಲಭವಾದ ಗುಣವಾಗಿದೆ.<br>Honesty is a rare quality. | 1 |
| 54. | मैसूर का राजमहल अत्यंत सुंदर है ।<br>**उत्तर :**<br>ಮೈಸೂರಿನ ಅರಮನೆ ಬಹಳ ಸುಂದರವಾಗಿದೆ.<br>Mysore palace is very beautiful. | 1 |
| 55. | भगवान सबकी सहायता करता है ।<br>**उत्तर :**<br>ದೇವರು ಎಲ್ಲರಿಗೂ ಸಹಾಯ ಮಾಡುತ್ತಾನೆ.<br>God helps all. | 1 |
| 56. | मेरे पास बहुत से पशु-पक्षी हैं ।<br>**उत्तर :**<br>ನನ್ನ ಬಳಿ ಬಹಳಷ್ಟು ಪ್ರಾಣಿ–ಪಕ್ಷಿಗಳಿವೆ.<br>Many pet animals are there with me. | 1 |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | | अंक |
|---|---|---|---|
| X. 57. | अपनी पढ़ाई के बारे में बताते हुए अपने पिताजी को एक पत्र लिखिए । | | |
| | $1 \times 5 = 5$ | | |
| | **अथवा** | | |
| | स्वास्थ्य ठीक न होने के कारण दो दिनों की छुट्टी के लिए कक्षाध्यापक जी को पत्र लिखिए । | | |
| | **उत्तर :** | | |
| | पिताजी को पत्र : | | |
| | प्रेषक का पता और दिनांक | 1 | |
| | संबोधन और अभिवादन | 1 | 5 |
| | पत्र का कलेवर | 2 | |
| | समाप्ति और पानेवाले का पता | 1 | |
| | **अथवा** | | |
| | **उत्तर :** | | |
| | छुट्टी पत्र : | | |
| | प्रेषक का पता और दिनांक | 1 | |
| | पत्र पानेवाले का पता | $\frac{1}{2}$ | |
| | संबोधन व विषय | 1 | 5 |
| | पत्र का कलेवर | 2 | |
| | समाप्ति | $\frac{1}{2}$ | |

| प्रश्न संख्या | सही उत्तर | अंक |
|---|---|---|
| XI. 58. | दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर **15 - 20** वाक्यों में कोई **एक** निबंध लिखिए : 1 × 5 = 5<br>क) जनसंख्या की समस्या<br>* प्रस्तावना<br>* वृद्धि के कारण<br>* नियंत्रण के उपाय<br>* उपसंहार ।<br>ख) राष्ट्रीय त्यौहार<br>* प्रस्तावना<br>* महत्व<br>* आवश्यकता<br>* उपसंहार ।<br>ग) इंटरनेट से लाभ<br>* प्रस्तावना<br>* अर्थ<br>* उपयोग<br>* उपसंहार ।<br>**उत्तर :**<br>प्रस्तावना / विषय प्रवेश 1<br>विषय विस्तार 2<br>उपसंहार 1<br>भाषा का प्रयोग । 1 | 5 |